सुतपा तालुकदार
अकादेमी पुरस्कारः ओडिसी

SUTAPA TALUKDAR
Akademi Award: Odissi

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 6 जून 1954 को जन्मी, श्रीमती सुतपा तालुकदार ने थंकुमुनी कुट्टी से भरतनाट्यम और मोहिनीअट्टम तथा मुरलीधर मांझी और केलुचरण महापात्रा से ओडिसी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप ओडिसी नृत्य की उन तकनीकों और व्याकरण का सख्ती से पालन करती हैं जिन्हें केलुचरण महापात्रा ने स्थापित किया था और जिनका वह स्वयं पालन किया करते थे।

आपने केलुचरण वंदना डिजिटल बुक 2013 नाम की परियोजना में भी योगदान दिया है जो महान गुरु केलुचरण महापात्र को श्रद्धांजलि स्वरूप शुरू की गई है। यह डिजिटल रूप से रिकॉर्ड की गई वीडियो पुस्तक है जिसमें ओडिसी की उन सभी नृत्य संरचनाओं को शामिल किया गया है जिन्हें केलुचरण महापात्रा ने कोरियोग्राफ किया था। इस वीडियो पुस्तक में श्रीमती सुतपा तालुकदार की भी कुछ नृत्य संरचनाओं को स्थान दिया गया है। आपके पास एक अन्य प्रोजेक्ट है, जिसका नाम ओम प्रोजेक्ट–वेदनृत्य 2006 है जिसमें ओडिसी के साथ योग मुद्राओं और वैदिक तथा तांत्रिक हस्त मुद्राओं को सम्मिलित किया गया है, जिससे एक नये दृश्य और प्रदर्शनकारी माध्यम सृजित होता है।

आपको मर्दला अकादमी, भुवनेश्वर द्वारा तलवाद्य सम्मान; और सुर सिंगार संसद, मुंबई द्वारा श्रृंगार मणि सम्मान सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

श्रीमती सुतपा तालुकदार को ओडिसी नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2019 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 6 June 1954 in Kolkata, West Bengal, Shrimati Sutapa Talukdar trained in Bharatanatyam and Mohiniattam from Thankumuni Kutty and in Odissi from Muralidhar Majhi and also from Kelucharan Mohapatra. She rigidly follows the technique and grammar of Odissi dance as established and practised by Kelucharan Mohapatra.

She has contributed to a project on Kelucharan Vandana Digital Book 2013 which is a tribute to the great Guru Kelucharan Mohapatra and is a digitally recorded video book containing all of his choreographed dance items in Odissi, along with a few choreographies of Shrimati Sutapa Talukdar. She has another project OM project-Vedanritya 2006 which incorporates yogic postures and Vedic and Tantric hasta mudras with Odissi, thereby creating a new visual and performative medium.

Among the honours received by her prominent is the Talavadya Samman, Mardala Academy, Bhubaneswar.

Shrimati Sutapa Talukdar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2019 for her contribution to Odissi dance.